भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

24.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 315 का उत्तर

नाडिकुडी-श्रीकालाहस्ती नई रेल लाइन में तेजी लाने के लिए बजट आवंटन

315. श्री मड्डीला गुरूमूर्ति:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार आन्ध्र प्रदेश में नाडिकुडी-श्रीकालाहस्ती नई रेल लाइन में तेजी लाने के लिए बजट आवंटन में वृद्धि कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

s.k

नाडिकुडी-श्रीकालाहस्ती नई रेल लाइन में तेजी लाने के लिए बजट आवंटन के संबंध में दिनांक 24.07.2024 को लोक सभा में श्री मड्डीला गुरूमूर्ति के अतारांकित प्रश्न सं. 315 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): नाडीकुडी-श्रीकालहस्ती (309 किलोमीटर) नई लाइन परियोजना आंध्र प्रदेश सरकार के साथ लागत में भागीदारी के आधार पर स्वीकृत की गई है जिसमें आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा नि:शुल्क भूमि उपलब्ध कराई जानी है और परियोजना की 50% निर्माण लागत साझा करनी है।

परियोजना की लागत 3,122 करोड़ रु. है और मार्च 2024 तक 1,669.03 करोड़ रु. का व्यय किया गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में दिए गए 202 करोड़ के परिव्यय की तुलना में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 450 करोड़ रु. का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है। 309 किलोमीटर की परियोजना लंबाई में से नाडिकुडी से दरसी तक 74 किलोमीटर को कमीशन किया गया है। जिन भागों में भूमि उपलब्ध है वहां कार्य प्रगति पर है।

आंध्र प्रदेश सरकार ने इस परियोजना में अपने हिस्से के तहत मार्च, 2024 तक केवल 6 करोड़ रु. जमा किए हैं। कुल 2216 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण के प्रयोजन में से केवल 1466 हेक्टेयर भूमि ही सौंपी गयी है और शेष 750 हेक्टेयर भूमि का सौंपा जाना अभी बाकी है।

2014 से, भारतीय रेल में निधि आवंटन और तद्नुरूप परियोजनाओं को चालू करने में काफी वृद्धि हुई है। आंध्र प्रदेश राज्य में पूर्णत:/अंशत: स्थित अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए वार्षिक बजट आवंटन इस प्रकार है:-

वर्ष	औसत परिव्यय	2009-14 के औसत आबंटन की तुलना में वृद्धि
2009-14	₹ 886 करोड़ प्रति वर्ष	-
2023-24	₹8406 करोड़	9 गुना से अधिक

s.k

आंध्र प्रदेश राज्य में पूर्णत:/अंशत: स्थित अवसंरचना परियोजनाओं को चालू करने की स्थिति इस प्रकार है:-

अवधि	कमिशन किया गया कुल रेलपथ	कमिशन किया गया औसत रेलपथ	2009-14 के दौरान औसत कमिशनिंग की तुलना में परिवर्तन
2009-14	363 किलोमीटर	प्रति वर्ष 72.6 किलोमीटर	-
2014-24	1510 किलोमीटर	प्रति वर्ष 151 किलोमीटर	2 गुना से अधिक

रेल परियोजना(ओं) का पूरा होना/निष्पादन होना राज्य सरकार द्वारा त्वरित भूमि अधिग्रहण, वन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा वानिकी स्वीकृति, बाधक जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृति, क्षेत्र की भूविज्ञानी और स्थलाकृतिक परिस्थिति, परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु की परिस्थितियों के कारण परियोजना स्थल विशेष के लिए वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है और यह सभी कारक परियोजना(ओं) के समापन समय को प्रभावित करते हैं।

******

s.k